भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1594 का उत्तर

कोल्लम-मदुरै-सेनगोट्टई के बीच वन्दे भारत ट्रेन सेवा

1594. श्री कोडिकुन्नील सुरेश:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की कोल्लम-मदुरै-सेनगोट्टई मार्ग के यात्रियों की सुविधा के लिए वंदे भारत ट्रेन सेवा शुरू करने की योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा इसे शुरू करने के लिए कोई अध्ययन कराया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): 24 जुलाई, 2024 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर 102 वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाएं चल रही हैं, जिनमें कोल्लम के यात्रियों को सेवित करने वाली 4 वंदे भारत और मदुरै के यात्रियों को सेवित करने वाली 2 वंदे भारत सेवाएं शामिल हैं। इसके अलावा, कोल्लम-सेनगोट्टाई-मदुरै खंड को 2 जोड़ी गाड़ियों द्वारा सेवित किया जा रहा है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर वंदे भारत सेवाओं सहित रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

*****